# प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
# आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 10.08.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

---

मुख्य समाचार :–

1. राज्य विधानमंडल का मॉनसून सत्र कल से होगा शुरु. : आज सर्वदलीय बैठक में सदन को सुचारु रुप से चलाने पर हुई चर्चा, विधायकों को दिया गया एआई प्रशिक्षण।
2. निर्वाचन आयोग ने शर्तों में विफल रहने पर की कार्रवाई : प्रदेश के 115 राजनीतिक दलों समेत देश की 334 पंजीकृत गैर मान्यता प्राप्त पार्टियों को सूची से हटाया।
3. प्रदेश के 27 जिलों में शुरु हुआ फाइलेरिया बचाव अभियान : .28 अगस्त तक घर–घर जाकर लोगों को खिलाई जाएगी दवा ।

और

4. बलिया, हापुड़ में गंगा, मुरादाबाद में रामगंगा और बाराबंकी, अयोध्या में घाघरा खतरे के निशान के पार : गोंडा में जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने बाढ ग्रस्त क्षेत्रों का किया दौरा।

———————

उत्तर प्रदेश विधानमंडल का मानसून सत्र कल से शुरू हो रहा है। ग्यारह से 16 अगस्त तक चलने वाले सत्र मं सबसे अहम चर्चा विजन डॉक्यूमेंट–2047 पर होगी। यह चर्चा 13 अगस्त 14 अगस्त तक 24 घंटे लगातार चलेगी। इस दौरान सभी मंत्री अपने–अपने विभागों का विजन डॉक्यूमेंट पेश करेंगे, जिसे नागरिकों के सुझावों के आधार पर तैयार किया जाएगा।

कल से शुरू हो रहे सत्र को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए आज सर्वदलीय बैठक आहूत की गई। बैठक में मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी, कांग्रेस पार्टी समेत निषाद पार्टी और सुहेलदेव समाज पार्टी के विधायकों ने शिरकत की। बैठक के बाद विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि सभी विधायकों सत्र को सुचारू रूप से चलाने का आश्वासन दिया है। बाइट....

*उत्तर प्रदेश की अट्ठारह वीं विधानसभा में माननीय सदस्यों के द्वारा एक पॉजिटिव परिचर्चा के अंतर्गत भाग लिया जा रहा है। मुझे विश्वास है कि सभी राजनीतिक दलों को मैंने आज ऑल पार्टी मीटिंग आहूत करी थी। सभी राजनीतिक दलों को मिलाके। मैंने सबसे विधानसभा सुचारू रूप से और अच्छी तरीके से चले सबका पार्टिसिपेशन हो इसके लिए रिक्वेस्ट करी। सभी ने विधानसभा को संचालन में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सभी ने निवेदन को माना है।*

सर्वदलीय बैठक से पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधान भवन के प्रवेश द्वार पर नए गुंबद और सभा मंडप

का लोकार्पण किया। इसके अलावा नवीनीकृत सभा कक्ष संख्या–15 और अतिविशिष्ट जलपान गृह का भो उद्घाटन किया।

——————————

कल से शुरु हो रहे विधानमंडल सत्र से पहल आज विधायकों को आईआईटी कानपुर के विशेषज्ञों द्वारा एआई का प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर कांग्रेस विधानमंडल की नेता आराधना मिश्रा ने कहा कि आर्टिफिशल इंटेलीजेंस साक्षरता भविष्य के लिए जरूरी है। बाइट...

*आज जिस भविष्य की परिकल्पना हम कर रहे हैं वो बिना एआई के अधूरी है तो एआई की साक्षरता बहुत आवश्यक है उसकी जानकारी बहुत आवश्यक है। मैं बधाई दूँगी माननीय अध्यक्ष जी को कि उन्होंने आज आईआईटी कानपुर के प्रोफेसर को बुलाया है और मुझे लगता है इससे लाभ मिलेगा।*

——————————

हर घर तिरंगा अभियान के तहत भारतीय जनता पार्टी राज्य के सभी मंडलों में आज से तिरंगा यात्रा निकाल रही है। यात्रा का यह क्रम 12 अगस्त तक जारी रहेगा। भाजपा नेतृत्व ने इस यात्रा में आम जनता की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए पार्टी कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए हैं। तिरंगा यात्रा का आयोजन एक से दो किलोमीटर तक होगा। यह तिरंगा अभियान यात्रा मंडल में स्थित शहीद स्मारक से शहर के प्रमुख स्थलों से होकर गुजरेगी।

——————————

निर्वाचन आयोग ने देश के विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 334 पंजीकृत गैर–मान्यता प्राप्त राजनीतिक पार्टियों को सूची से हटा दिया है। यह दल 2019 से छह वर्षों तक एक भी चुनाव लड़ने की अनिवार्य शर्त पूरी करने में विफल रहे हैं। सूची से हटाये गयी पार्टियों में 115 राजनीतिक दल उत्तर प्रदेश के हैं। एक रिपोर्ट...

*उत्तर प्रदेश में स्थित अपने पंजीकृत पते पर वजूद न रखने वाले भारत समाज दल, जनवादी पार्टी, स्वराज पार्टी ऑफ इंडिया, राष्ट्रवादी कम्युनिस्ट पार्टी, नेशनल डेमोक्रेटिक फ्रंट और पूर्वांचल दल समेत 115 राजनीतिक दलों को भारत निर्वाचन आयोग ने पंजीकृत राजनीतिक दलों की सूची से हटा दिया है। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 और सुसंगत प्राविधानों के अंतर्गत यह राजनीतिक पार्टियॉ अब राजनैतिक दलों को मिलने वाले किसी भी लाभ के हकदार नहीं होंगे। सूची से बाहर किये गये राजनीतिक दल 30 दिनों के भीतर आयोग के इस फैसले के खिलाफ़ अपना पक्ष रख सकते हैं। समाचार कक्ष से फ़ज़ल इनाम।*

——————————

भारतीय रेलवे ने त्योहारों के सीजन में भीड़ का मैनेज करने और यात्रियों को बेहतर सुविधा देने के लिए राउंड टिप पैकेज स्कीम की घोषणा की है। आगामी 14 अगस्त से शुरू होने वाली इस योजना के तहत पहली यात्रा का टिकट 13 अक्टूबर से 26 अक्टूबर 2025 के बीच की तारीख के लिए बुक करना होगा। इसके बाद वापसी का टिकट 17 नवंबर से एक दिसंबर 2025 के बीच की तारीख के लिए 'कनेक्टिंग जर्नी फीचर' के जरिए बुक करना होगा। इस स्कीम में छूट तभी मिलेगी जब दोनों तरफ का टिकट एक

ही यात्री के नाम स कन्फर्म हो। इस स्कीम के तहत यात्रा के बेस किराये में यात्रियों को 20 फीसद छूट मिलेगी। यह योजना फिलहाल प्रायोगिक तौर पर लागू की जा रही है।

——————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

प्रदेश के 27 जिलों में आज से फाइलेरिया से बचाव की दवा खिलाने का अभियान शुरू हो गया है। प्रदेश को 2027 तक फाइलेरिया मुक्त बनाने के क्रम में यह अभियान औरैया, बहराइच, बलरामपुर, बस्ती, चंदौली, देवरिया, इटावा, फर्रूखाबाद, फतेहपुर, गाजीपुर, गोण्डा, गोरखपुर, हरदोई, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, कौशाम्बी, लखीमपुर खीरी, कुशीनगर, महाराजगंज, मिर्जापुर, संतकबीरनगर, सिद्धार्थनगर, सीतापुर, श्रावस्ती, रायबरेली और सुल्तानपुर जिलों के 195 ब्लॉकों में आगामी 28 अगस्त तक जारी रहेगा। गोरखपुर जनपद के पांच ब्लॉकों में यह अभियान शुरू हो गया है। नगरीय क्षेत्र नथमलपुर में

अभियान की शुरूआत करते हुए मुख्य चिकित्साधिकारी राजेश झा ने कहा कि सप्ताह में चार दिन घर–घर जाकर लोगों को फाइलेरिया से बचाव की दवा खिलाई जायेगी। बाइट....

*आज जो है अगले कार्यक्रम की शुरुआत हुई है। इस बार ये पाँच ब्लॉकों में और एक शहरी क्षेत्र नथमलपुर में हम लोगों ने इसको अरेंज किया है और इसमें आज जितने भी हमारे एक साल से लेके इससे ऊपर के लोग है उन सभी को हम लोग बीईसी और एल्बेंडाजोल दे रहे हैं। ध्यान ये रखना है की इस बार जो है हम लोगों को इसको और अच्छे से खिलाना है जिससे हमारा कवरेज अस्सी से पचासी पर्सेंट या और ज्यादा हो जाता है उतने... तक हमें ले जाना है।*

———————————

आज विश्व शेर दिवस है। इस अवसर पर इटावा स्थित सफारी पार्क के प्रकृति चित्रण केन्द्र में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें पर्यटकों ने शेरों के संरक्षण और महत्व पर विचार व्यक्त किये। इटावा सफारी पार्क के निदेशक डॉक्टर अनिल कुमार पटेल ने शेरों से जुड़े अनसुने तथ्यों और उनकी स्थिति के बारे में विचार साझा किये। डॉक्टर पटेल ने बताया कि सफारी पार्क शेरों का ब्रीडिंग सेंटर है। बाइट...

*इटावा सफारी पार्क में प्रेजेंट टाइम में जो टोटल उन्नीस लायन है उन्नीस में से चौदह यहीं के पैदा हुए हैं इस चौदह में सात जो है ऐसे हैं जो सेकेंड जनरेशन के हैं और बाकी जो है सात फर्स्ट जनरेशन के हैं तो एक तरह से सक्सेसफुल बिडिंग यहाँ पे हो रही है..विश्वा नामक एक लायन जो दस अगस्त दो हज़ार बाईस को एक बच्चे को जन्म दी थी और विश्व शेर दिवस के ये इटावा सफारी पार्क के लिए ये दोहरी खुशी होती है जो विश्वा नामक जो शेर है जो तीन साल का हो गया उसका आज तीसरा हम लोगों ने बर्थडे भी मनाया है यहाँ पर।*

——————————

प्रदेश में बारिश और बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण प्रमुख नदियां ऊफान पर हैं। हापुड़, बदायूं, फर्रूखाबाद और बलिया में गंगा नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। वहीं मुरादाबाद में रामगंगा नदी का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर है। बाराबंकी और अयोध्या में घाघरा नदी खतरे के निशान को पार कर गई है। लखीमपुर खीरी में शारदा नदी खतरे के निशान पर बह रही है। राज्य के चौबीस जिले बाढ़ग्रस्त हैं जहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश के मंत्री और जनप्रतिनिधि दौरा कर रहे हैं। प्रदेश के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने आज गोण्डा जिले के ऐलीपरसौली, बेलसर और ब्योंदा मांझा में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का हवाइ सर्वेक्षण और स्थलीय निरीक्षण किया और बाढ़ पीड़ितों से बातचीत कर राहत सामग्री वितरित की। श्री सिंह ने बाढ़ प्रभावितों को आश्वस्त किया कि राज्य सरकार पूरी तरह से संवेदनशील है और हर संभव सहायता दे रही है। बाइट...

*इधर नेपाल में बारिश होने के कारण राप्ती में भी सवा लाख डेढ़ लाख पानी क्यूसेक निकला है। अब वह बलरामपुर होते हुए सिद्धार्थ नगर उधर निकला है। इधर घाघरा, सरयू और शारदा इधर पानी स्थिर हो गया था लेकिन अब यह भी पानी उतर रहा है। इधर बाराबंकी, अम्बेडकर नगर और अयोध्या, गोंडा अब पानी इधर भी उतर रहा है। हमारे जनप्रतिनिधि भी गाँव गाँव में जा रहे हैं और राहत सामग्री का वितरण हो रहा है और गाँव गरीब किसान को राहत भी मिले। इसके लिए रात दिन हम लोग परिश्रम की पराकाष्ठा कर रहे।*

राज्यमंत्री बलदेव सिंह ओलख ने आज पीलीभीत में

बाढ़ बचाव के बारे में अधिकारियों के साथ बैठक कर उन्हें जरूरी दिशा–निर्देश दिये।

—————————